
इंदौर | शनिवार | 20 सितम्बर 2025 | वर्ष 65 | अंक 227 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण



6 कार्यान्वयन की कला में माहिर पीएम मोदी



5 सैनिकों को संसाधन की कमी नहीं होने देंगे



8 टीम ने विश्व कप की तैयारियों को लेकर की कड़ी मेहनत



9 जीएसटी दर कटौती से नहीं बढ़ेगा बोझ

## एक नजर में



### वैश्विक डाक संघ की परिषदों में चुना गया भारत

नई दिल्ली. भारत को दुबई में आयोजित वैश्विक डाक संघ (यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन-यूपीयू) के 28वें अधिवेशन में प्रशासन परिषद (सीए) और डाक संचालन परिषद (पीओसी) के लिए पुन: निर्वाचित किया गया है. इस उपलब्धि पर दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और विदेश मंत्रालय ने सदस्य देशों का आभार व्यक्त किया है. दूरसंचार मंत्रालय ने कहा कि यूपीयू के इन निकायों में भारत का पुन: चयन भारतीय डाक के नेतृत्व, सुधारों और डिजिटल पहलों पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय के विश्वास को दर्शाता है. भारत 1876 से यूपीयू का सदस्य है और वैश्विक डाक नेटवर्क को मजबूत बनाने में लगातार योगदान देता आ रहा है. यूपीयू की प्रशासन परिषद नीति और शासन संबंधी मामलों को देखती है, जबकि डाक संचालन परिषद तकनीकी और परिचालन सुधारों पर काम करती है. भारत ने डिजीपिन (डिजिटल एड्रेसिंग), यूपीआई-सक्षम सीमा-पार प्रेषण और डाकघर निर्यात केंद्रों जैसी पहलों से डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा दिया है.

# रोजगार हमारी प्राथमिकता

**400** एकड़ में औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने सीएम डॉ. यादव ने की घोषणा | **162** करोड़ के निर्माण कार्यों का रिमोट से किया शिलान्यास | **124** करोड़ से बन रहे कम्प्रेस्ड बायोगैस संयंत्र का किया शिलान्यास



**रीवा, 19 सितम्बर, रीवा के त्योंथर में आयोजित विंध्य विकास संकल्प सम्मेलन एवं विकास कार्यो के भूमि पूजन कार्यक्रम को सम्बोधित करत हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव न कहा विंध्य की धरती पर सरकार रोजगार दिलाएगी और यही उद्योग लगाए जाएगे.**

त्योंथर में आईटीआई खोलने के साथ 400 एकड़ में औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने एवं रिवर कारिडोर बनाए जाने की मुख्यमंत्री ने घोषणा की. साथ ही 50 बेड के अस्पताल को 100 बेड करने की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री ने 162 करोड़ के निर्माण कार्यों का रिमोट के द्वारा शिलान्यास किया और कहा कि त्योंथर क्षेत्र की तस्वीर बदलने वाली है.

मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने मंच पर पहुंचते ही दीप प्रज्जवलित कर कन्या पूजन किया और मंच से जनता का अभिवादन करते हुए पुष्पो की वर्षा की. कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होने कहा कि कांग्रेस के लोगो की क्या बुद्धि है, नेतागिरी ऐसी लगी कि जुबान पर कंट्रोल नही है. बुद्धि का दिवाला निकल गया है. हम बहनों के खातो में हर माह पैसा पहुंचाते है और यह कहते है कि बहने दारू पी जाती है. यह बेईमान कांग्रेसी मां-बहनो का अपमान करने से पीछे नही हटते है, इनको शर्म नही आती है. हमारी मां-बहने घर परिवार के लिये सब कुछ निछावर कर देती है. कांग्रेस के लोग मां-बहनो की इज्जत करना सीखे. मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेसी तुम्हारी दुर्भावना के कारण सत्ता से 20 साल से बाहर हो और अगले 20 साल तक सत्ता से बाहर रहने वाले हो. किसानो को सम्मान निधि देने का काम हमारी मोदी सरकार ने किया. मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट को नही मानते. कमाल हो गया भाई शर्म करो, अरबन नक्सलवादी मानसिकता के लोग चुनाव हारते है और दोष चुनाव आयोग को देते है. इसके पहले त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने मुख्यमंत्री सहित सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रयागराज से बनारस तक औद्योगिक विकसित कारिडोर बनाए जाने की मांग की. उन्होने कहा कि हमारा क्षेत्र प्रयागराज से लगा है अगर कारिडोर बन जाय तो यहा तेजी से विकास होगा.

### सीएम ने उद्यमियों से की चर्चा

इसके पूर्व मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने त्योंथर विधानसभा क्षेत्र एवं रीवा जिले में निवेश करने वाले उद्यमियों से चर्चा करते हुए उन्हे भरोसा दिलाया कि वह प्रदेश में निवेश करें सरकार उनकी हर संभव मदद करने को तैयार है. उद्योग के लिये विकसित भूमि हमारे पास है और लेबर में भी हम मदद करेगे. जो भी समस्याएं होगीं उन्हे दूर किया जायेगा. मुख्यमंत्री ने विश्वास दिलाया कि कोई परेशानी उद्यमियों को नही होगी. चर्चा के दौरान कई उद्यमियों ने अपने प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री से जमीन सहित अन्य सुविधाओ की मांग की. इस दौरान मुख्यमंत्री ने औद्योगिक क्षेत्र विकास निगम द्वारा 124 करोड़ 45 लाख रुपये की लागत से बनाए जा रहे कम्प्रेस्ड बायोगैस संयंत्र का शिलान्यास भी किया.

कार्यक्रम में सांसद जनार्दन मिश्रा, त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी, सतना सांसद गणेश सिंह, विधायक नागेन्द्र सिंह, इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, प्रदीप पटेल, शरद कोल, भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता आदि मौजूद रहे.



# पीएम मोदी संग सिख संगत की बैठक

## प्रसिद्ध गायिका हर्षदीप कौर ने मूल मंत्र का किया सुंदर गायन

**नई दिल्ली,19 सितम्बर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सिख संगत के प्रतिष्ठित सदस्यों से मुलाकात की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी मौजूद रहे। बैठक का एक वीडियो क्लिप खुद पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किया, जिसमें प्रसिद्ध गायिका हर्षदीप कौर मूल मंत्र का गायन करती दिख रही हैं। इस दौरान पीएम मोदी सिर पर रुमाल रखे हाथ जोड़े खड़े नजर आए।**

पीएम मोदी ने पोस्ट में लिखा कि सिख संगत के साथ बैठक में हर्षदीप कौर ने मूल मंत्र का सुंदर गायन किया। इस मुलाकात में खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज और उनकी धर्मपत्नी माता साहिब कौर से संबंधित पवित्र जोरे साहिब की सुरक्षा और उचित प्रदर्शन हेतु समिति की सिफारिशें प्रस्तुत की गईं।

बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 'जोरे साहिब' सिख आस्था और विरासत का अमूल्य प्रतीक है। इसके संरक्षण और उचित प्रदर्शन से आने वाली पीढ़ियाँ अपनी आध्यात्मिक जड़ों से जुड़ेंगी। उन्होंने समिति की सिफारिशों पर सहमति जताते हुए आश्वासन दिया कि इस धरोहर को सुरक्षित रखने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे।

### जोरे साहिब की ऐतिहासिक धरोहर : हरदीप

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बैठक में जानकारी दी कि उनके परिवार को 300 वर्षों से अधिक समय से पवित्र 'जोरे साहिब' की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त है। पुरी ने बताया कि उनके पूर्वज गुरु गोबिंद सिंह जी की प्रत्यक्ष सेवा में रहते थे। किंवदंती है कि उनकी सेवा से प्रसन्न होकर गुरु महाराज ने उन्हें पुरस्कार माँगने का अवसर दिया था। तब पूर्वजों ने केवल यह निवेदन किया कि उन्हें पवित्र 'जोरे साहिब' रखने की अनुमति दी जाए, जिससे उनका आशीर्वाद परिवार और आने वाली पीढ़ियों पर बना रहे। उन्होंने कहा कि यह पवित्र धरोहर किसी एक परिवार की निजी धरोहर नहीं, बल्कि पूरे सिख समुदाय और राष्ट्र की अमानत है। इसका संरक्षण और उचित प्रदर्शन हर सिख और भारतीय के लिए गर्व की बात है। केंद्रीय मंत्री ने जोर देकर कहा कि सरकार और समाज को मिलकर इस अमूल्य धरोहर की सुरक्षा करनी होगी.

# दिल्ली पुलिस की गैंगस्टरों के 58 ठिकानों पर छापेमारी

- दिल्ली-एनसीआर में पुलिस का बड़ा अभियान
- 36 संदिग्ध पकड़े, करोड़ों की संपति बरामद



**नई दिल्ली, 18 सितम्बर. दिल्ली पुलिस ने संगठित अपराध और गैंगस्टरों पर नकेल कसने के लिए गुरुवार देर रात राजधानी और एनसीआर के कई इलाकों में बड़ा अभियान चलाया. इस दौरान 58 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की गई और 36 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया, जिनमें से छह को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया है. पुलिस का कहना है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय कुख्यात गिरोहों की कमर तोड़ना है.**

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार यह अभियान दिल्ली, सोनीपत, सांपला, झज्जर, रोहतक और बहादुरगढ़ में एक साथ चलाया गया. इसमें कुल 820 पुलिसकर्मी तैनात रहे. बाहरी उत्तरी जिले की 39 टीमों के 500 और रोहिणी जिले की 19 टीमों के 320 जवान शामिल हुए.

छापेमारी के दौरान पुलिस ने 49.60 लाख रुपये नकद, 1.36 किलो सोना, 14.60 किलो चांदी, एक बुलेटप्रूफ महिंद्रा स्कॉर्पियो एसयूवी, एक मोटरसाइकिल, 26 मोबाइल फोन और एक लैपटॉप बरामद किया. हथियारों में सात पिस्टल व रिवॉल्वर, एक बटनदार चाकू, एक मैगजीन, 40 कारतूस और अन्य सामग्री जब्त की गई. बरामद मोबाइल फोन व उपकरण फॉरेंसिक जांच के लिए भेजे गए हैं.

# भारतीय हमले में तबाह हुआ मुरिदके ठिकाना

- जैश के बाद लश्कर कमांडर कासिम का कबूलनामा
- पाकिस्तान सरकार के झूठ की फिर खुली पोल

भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत सात मई की रात पाकिस्तान और पीओके में स्थित नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया था. इनमें लश्कर-ए-तैयबा का मुरिदके वाला शिविर भी शामिल था. उस समय पाकिस्तान सरकार ने दावा किया था कि जिन ठिकानों को निशाना बनाया गया, वे अब आतंकियों के लिए इस्तेमाल नहीं होते.

**इस्लामाबाद,19 सितम्बर. जैश-ए-मोहम्मद के बाद अब लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी संगठन की पोल खुल गई है. लश्कर के कमांडर कासिम ने कैमरे पर खड़े होकर यह स्वीकार किया कि सात मई की सुबह भारतीय सेना की कार्रवाई में पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के शेखूपुरा जिले स्थित मुरिदके का मरकज तैयबा पूरी तरह नष्ट कर दिया गया था. उसने यह भी कहा कि इस जगह का पुनर्निर्माण किया जा रहा है और यहां पहले से भी बड़ी मस्जिद बनाई जाएगी.**

कासिम ने स्वीकारा कि मरकज तैयबा में बड़ी संख्या में मुजाहिदीन और तलबा को आतंकी प्रशिक्षण दिया गया था, जो यहां से विजय के नाम पर आतंक फैलाने निकलते थे.

कासिम का यह कबूलनामा सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के जरिए सामने आया है. वीडियो में वह एक अधूरे निर्माण स्थल के पास खड़ा दिखाई दे रहा है. उसने साफ कहा मैं मुरिदके में मरकज तैयबा के खंडहरों पर खड़ा हूं, जिसे भारतीय हमले में नष्ट कर दिया गया था. अब इसका पुनर्निर्माण चल रहा है और यह मस्जिद पहले से बड़ी बनाई जाएगी.

## बलूचिस्तान में बम विस्फोट में 6 की मौत

**इस्लामाबाद, 19 सितंबर.** अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान के दक्षिणी-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में एक विस्फोट में कम से कम 6 लोगों की मौत हो गई है और एक अन्य घायल हो गया है. यह विस्फोट पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर चमन जिले के एक टैक्सी स्टैंड पर हुआ है. रेस्क्यू 1122 के अनुसार पीड़ितों को जिला मुख्यालय के अस्पताल में भर्ती किया गया है.चमन में सरकारी चिकित्सा आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र (एमईआरसी) 1122 के प्रभारी गफूर उर रहमान ने बताया, घायल व्यक्ति की हालत गंभीर है.

**एनएसयूआई को एक सीट** | अध्यक्ष पद पर आर्यन मान और संयुक्त सचिव पद पर दीपिका झा की जीत

# डीयू चुनाव में एबीवीपी का परचम





**नई दिल्ली,19 सितम्बर. दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डीयू) चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने बड़ा प्रदर्शन करते हुए तीन प्रमुख पदों पर जीत दर्ज की है. अध्यक्ष पद पर आर्यन मान, सचिव पद पर कुणाल चौधरी और संयुक्त सचिव पद पर दीपिका झा विजयी रहे. वहीं, उपाध्यक्ष पद पर कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई को जीत मिली.**

अध्यक्ष पद पर एबीवीपी उम्मीदवार आर्यन मान को 28,841 वोट मिले, जबकि एनएसयूआई प्रत्याशी को मात्र 12,645 वोट मिले. जीत के बाद आर्यन मान ने दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें 15 हजार से अधिक मतों से जीत मिली है.

संयुक्त सचिव पद पर एबीवीपी की दीपिका झा ने 21,825 वोट पाकर एनएसयूआई के लवकुश भड़ाना (17,380 वोट) को पराजित किया.

### अमित शाह ने दी बधाई

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एबीवीपी की जीत युवाओं की राष्ट्र प्रथम की विचारधारा में अटूट विश्वास का प्रतीक है. परिषद की छात्र शक्ति को राष्ट्र शक्ति में बदलने की यात्रा को और गति मिलेगी. वहीं, जेपी नड्डा ने भी एबीवीपी को बधाई देते हुए कहा स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलते हुए एबीवीपी ने युवाओं को राष्ट्रवाद और सेवा की भावना से प्रेरित किया है.